(ख) यदि हां,तो सरकार की उस पर क्या प्रतिक्रिया हैं;और

(ग) देश में एस.टी.डी.संबंधी क्लीनिकों की कमी को देखते हुए इन रोगों को फैलने से रोकने के लिए सरकार क्या कदम उठाने का विचार रखती हैं?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री और जल संसाधन मंत्री (श्री ए.आर.अंतुले): (क) यूनिसेफ ने पिछले पांच वर्षो के दौरान यौन संचारित रोगों की व्याप्तता संबंधी किसी अध्ययन को न तो सहायता दी हैं और न उससे जुड़ा हुआ हैं ।

(ख) और (ग) यौन संचारित रोगों का शुरू में निदान करके उनका उपचार करने हेतु राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत सार्वजनिक क्षेत्र में 504 विशिष्ट यौन संचारिक रोग क्लिनिकों को नगद और सामग्रीगत अनुदान प्रदान करके सुदृढ़ किया जा रहा हैं । इसके अलावा प्राथमिक स्वास्थ्य केंन्द्र में चिकित्सा और परा-चिकित्सा कार्मिकों को लक्षणयुक्त उपायों के आधार पर मामलों के नैदानिक उपचार में प्रशिक्षित किया जा रहा हैं । संचार के सभी साधनों को जन-जागरूकता पैदा करने हेतु इस्तेमाल किया गया हैं ।

Groundwater Utilisation

*50. SHRIMATI CHANDRA KALA PANDEY: Will the Minister of WATER RESOURCES be pleased to state:

(a) the total irrigated land vis-a-vis the total cultivable land during the last three years, Year-wise and State-wise; and

(b) the State-wise investment made for groundwater utilisation during the above period, year-wise?

THE MINISTER OF HEALTH & FAMILY WELFARE AND MINISTER OF WATER RESOURCES (SHRI A. R. ANTULAY): (a) and (b) Information is given as per Annexures *[See* appendix 176, Anneuxures No. 14 and 15]

नई परियोजनाओं की घोषणा

*51. **श्री जनेश्वर मिश्र**: क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले चार महीनों के दौरान रेल मंत्रालय ने कितनी नई परियोजनाओं की घोषणा की हैं;

(ख) क्या सरकार के पास इन परियोजनाओं को पूरा करने के लिए पर्याप्प धन हैं और इन सभी नई घोषित परियोजनाओं पर कुल कितनी राशि व्यय होने का अनुमान हैं;और

(ग) इस संबंध में तथ्यपूर्ण ब्यौरा क्या हैं?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुरेश कलमाडी):

(क) से (ग) 5 करोड़ रूपये प्रत्येक से अधिक की लागत वाली 12 नई परियोजनाओं को,नवंबर/दिसंबर 1995 में संसद के समक्ष प्रस्तुत की गई,रेल मंत्रालय के लिए अनुदान की पूरक मांगों में शामिल किया गया था,जिनका विवरण निम्नलिखित हैं:-

क्र.सं.	(**कार्य का विवरण**	(करोड़ रूपये में) **कार्य की लागत**)
1.	पनवेल-करजल विद्युतीकृत नई बड़ी लाइन-चरण-1 28.05 कि.मी.(मध्य रेलवे)	89.00
2.	कुर्ला-थाणे चरण-1 (10 कि.मी.) पांचवीं और छठी लाइन (मध्य रेलवे)	48.04
3.	कालीकट-मंगलूर: दोहरीकरण(दक्षिण रेलवे)	240.00
4.	विरार-सूरत: 9 स्टेशनों पर अतिरक्त लूप(पश्चिम रेलवे)	10.19